**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-80**
**उत्तर देने की तारीख-03/02/2025**

## पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्तरोन्नत किए गए विद्यालय

80. **श्री नलिन सोरेन:**
**श्री जुगल किशोर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(**क) क्या प्रधान मंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना को झारखंड और जम्मू कश्मीर राज्यों द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद वहां कार्यान्वित किया जा रहा है;

**(**ख) यदि हां, तो तत्संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है;

**(**ग) पीएम श्री विद्यालयों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल का ब्यौरा क्या है और पहले से ही ग्रीन स्कूल के रूप में शामिल किए गए विद्यालयों की राज्यवार संख्या कितनी है;

**(**घ) सरकार द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था परिचर्या विकास के लिए की गई पहल का ब्यौरा क्या है और इससे राज्यवार कितने विद्यालय लाभान्वित हुए हैं; और

**(**ङ.) सरकार द्वारा पीएम-श्री विद्यालय में शत-प्रतिशत डिजिटल शिक्षण को शामिल करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इससे लाभान्वित हुए विद्यालयों की राज्यवार संख्या कितनी है**?**

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) और (ख): जी हां, पीएम श्री योजना झारखंड और जम्मू कश्मीर में इन राज्यों द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद कार्यान्वित की जा रही है। झारखंड राज्य से कुल 345 स्कूलों का चयन किया गया है, तथा जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र से पारदर्शी चुनौती पद्धति के माध्यम से कुल 396 स्कूलों का चयन किया गया है। झारखंड राज्य

और जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र में चयनित पीएम श्री स्कूलों की जिलावार कुल संख्या का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(ग) से (ड.): पीएम श्री योजना का उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल पहलुओं को शामिल करके पीएम श्री स्कूलों को हरित स्कूलों के रूप में विकसित करना है, जैसे सौर पैनलों और एलईडी प्रकाश व्यवस्था का उपयोग करके ऊर्जा दक्ष बनाना, प्राकृतिक खेती के साथ पोषण उद्यान, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण और संचयन, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित परंपराओं/प्रथाओं का अध्ययन, जलवायु परिवर्तन से संबंधित हैकथॉन और जैविक जीवन शैली को शामिल करने के लिए जागरूकता पैदा करना। इन उपायों का लक्ष्य देश भर के स्कूलों में एक स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाना है।

पीएम श्री योजना का उद्देश्य बालवाटिका के माध्यम से मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकज्ञान पर ध्यान केंद्रित करके पीएम श्री स्कूलों में प्रारंभिक बचपन की देखभाल विकसित करना है। पीएम श्री योजना में छोटे बच्चों में मूलभूत कौशल विकसित करने के लिए शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इन पहलों का उद्देश्य स्कूलों को एक मजबूत प्रारंभिक शिक्षा ढांचा तैयार करने के लिए आवश्यक संसाधनों और प्रशिक्षण से सुसज्जित करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चों को बुनियादी स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

पीएम श्री योजना का उद्देश्य पीएम श्री स्कूलों में आईसीटी-सक्षम स्मार्ट कक्षाओं और शैक्षिक सामग्री से प्री लोडेड टैबलेट से सुसज्जित डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना करके 100% डिजिटल शिक्षाशास्त्र को शामिल करना है। दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल शिक्षण संसाधनों का भंडार उपलबध कराने करने के लिए किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों और छात्रों के बीच संसाधन साझा करना संभव हो रहा है। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों और छात्रों के बीच भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने और योग्यता-आधारित शिक्षण को बढ़ाने के लिए तकनीकी उपाय शुरू किए जा रहे हैं। इसमें शिक्षकों की क्षमता निर्माण का भी प्रावधान है, ताकि वे अपने शिक्षण कार्य में डिजिटल शिक्षण को प्रभावी ढंग से एकीकृत कर सकें, जिससे छात्रों के लिए समृद्ध और आकर्षक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हो सके।

पीएम श्री योजना के तहत पीएम श्री स्कूलों का केविसं/नविस/एनसीईआरटी सहित राज्य/संघ राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में संलग्न है। इसके अलावा, उपरोक्त सभी पहल विभिन्न राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों और केविसं/नविस/एनसीईआरटी के विभिन्न पीएम श्री स्कूलों में कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

*****

**अनुलग्नक - I**

**'पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्तरोन्नत किए गए विद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री नलिन सोरेन और श्री जुगल किशोर द्वारा दिनांक 03.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 80 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

झारखंड में चयनित पीएम श्री स्कूलों का जिलावार ब्यौरा इस प्रकार है:

| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **कुल** |
|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 13 |
| 2 | चतरा | 14 |
| 3 | देवघर | 12 |
| 4 | धनबाद | 14 |
| 5 | दुमका | 12 |
| 6 | पूर्वी सिंहभूम | 15 |
| 7 | गढ़वा | 26 |
| 8 | गिरिडीह | 19 |
| 9 | गोड्डा | 16 |
| 10 | गुमला | 11 |
| 11 | हज़ारीबाग | 19 |
| 12 | जामताड़ा | 9 |
| 13 | खूंटी | 8 |
| 14 | कोडरमा | 10 |
| 15 | लातेहार | 12 |
| 16 | लोहरदगा | 9 |
| 17 | पाकुड़ | 11 |
| 18 | पलामू | 27 |
| 19 | रामगढ़ | 8 |
| 20 | रांची | 25 |
| 21 | साहेबगंज | 14 |
| 22 | सरायकेला खरसावां | 10 |
| 23 | सिमडेगा | 11 |
| 24 | पश्चिमी सिंहभूम | 20 |
| **कुल** | | **345** |

जम्मू और कश्मीर में चयनित पीएम श्री स्कूलों का जिलावार ब्यौरा इस प्रकार है:

| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **कुल** |
|---|---|---|
| 1 | अनंतनाग | 21 |
| 2 | बांदीपुरा | 19 |
| 3 | बारामूला | 35 |
| 4 | बड़गाम | 23 |
| 5 | डोडा | 25 |
| 6 | गांदरबल | 11 |
| 7 | जम्मू | 27 |
| 8 | कठुआ | 24 |
| 9 | किश्तवाड़ | 5 |
| 10 | कुलगाम | 14 |
| 11 | कुपवाड़ा | 37 |
| 12 | पूंछ | 14 |
| 13 | पुलवामा | 16 |
| 14 | राजौरी | 29 |
| 15 | रामबन | 24 |
| 16 | रियासी | 20 |
| 17 | सांबा | 9 |
| 18 | शोपियां | 11 |
| 19 | श्रीनगर | 6 |
| 20 | उधमपुर | 26 |
| **कुल** | | **396** |

*****

**अनुलग्नक-II**

**'पीएम श्री योजना के अंतर्गत स्तरोन्नत किए गए विद्यालय' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री नलिन सोरेन और श्री जुगल किशोर द्वारा दिनांक 03.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 80 के भाग (ग) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

पीएम श्री योजना के अंतर्गत लाभान्वित पीएम श्री स्कूलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केविसं/नविस/एनसीईआरटीवार संख्या इस प्रकार है:

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कुल स्कूल |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 11 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 855 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 93 |
| 4 | असम | 382 |
| 5 | बिहार | 443 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2 |
| 7 | छत्तीसगढ | 341 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 6 |
| 9 | गोवा | 26 |
| 10 | गुजरात | 448 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 180 |
| 12 | हरियाणा | 250 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 396 |
| 14 | झारखंड | 345 |
| 15 | कर्नाटक | 555 |
| 16 | लद्दाख | 36 |
| 17 | लक्षद्वीप | 11 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 740 |
| 19 | महाराष्ट्र | 827 |
| 20 | मणिपुर | 105 |
| 21 | मेघालय | 59 |
| 22 | मिजोरम | 33 |
| 23 | नागालैंड | 49 |
| 24 | ओडिशा | 462 |
| 25 | पुदुचेरी | 12 |
| 26 | पंजाब | 246 |
| 27 | राजस्थान | 639 |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | सिक्किम | 43 |
| 29 | तेलंगाना | 794 |
| 30 | त्रिपुरा | 84 |
| 31 | उत्तराखंड | 226 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 1713 |
| 33 | केन्द्रीय विद्यालय | 884 |
| 34 | नविस | 620 |
| 35 | एनसीईआरटी | 4 |
| | **कुल** | **11920** |

*****